श्री कुन्दकुन्द 'कहान पारमार्थिक ट्रस्ट, मुम्बई द्वारा सुवर्णपुरी सोनगढ़ में संचालित

श्री कुन्दकुन्द-कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थी गृह

(कहान शिशु विहार)

भावनगर-राजकोट हाइवे, ग्राम पंचायत ऑफिस के पास, ग्राम पोस्ट - सोनगढ़ – 364250 तालुक-सिहोर, जिला- भावनगर (गुजरात)

मोबाइल नबंर – 7405180864, 7405439519, 9887986898

www.kahanshishuvihar.org : kahanshishuvihar@gmail.com kahan shishu vihar songadh Kahan_shishu_vihar

शैक्षणिक सत्र : 2027-28

प्रवेश आवेदन पत्र

(कक्षा 6वीं में प्रवेश के इच्छुक बालकों हेतु)

स्टेट बोर्ड (English Medium) / CBSE बोर्ड

छात्र की नवीनतम फोटो यहां चिपकाएं

स्टेपल नहीं करें

सूचना - आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2027 है।

- स्टेट बोर्ड (English Medium) में प्रवेश हेतु 5वीं कक्षा में 75% से अधिक और *CBSE* बोर्ड के लिए 80% से अधिक अंक अनिवार्य ।
- आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं सत्य भरें। आवश्यक दस्तावेज भी संलग्न करके भेजें।
- आवेदन पत्र भरकर अनिवार्य रुप से अंतिम दिनांक के पूर्व भारतीय डाक (स्पीड पोस्ट) से ऊपर लिखे हुए पते पर भेजें।
- प्राप्त आवेदन पत्रों के निरीक्षण के बाद ही पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश पात्रता शिविर हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

विद्यार्थी की जानकारी

नाम		जन्म स्थान		दिगम्बर जैन	
आधार नंबर		जन्म तारीख		हां	नहीं
मातृभाषा		अन्य भाषाओं का ज्ञान			

कक्षा	प्रतिशत / ग्रेड	विद्यालय का नाम	बोर्ड State/CBSE/ICSE	पढ़ाई का माध्यम	विषय
3rd					
4th					
5th HY					

धार्मिक अध्ययन की जानकारी -	प्रतिदिन जिनमंदिर जाता है -
किन-किन वस्तुओं का त्याग है	प्रतिदिन पाठशाला जाता है -
खेलकूद व अन्य विशेष रूचि -	विशेष योग्यता
कोई बीमारी हो तो विवरण दें -	पूर्व में कोई बीमारी हुई हो उसका विवरण -
किसी दवा से एलर्जी है तो नाम -	ब्लड ग्रुप - / वजन - / लंबाई (फुट-इंच) -

नोट – विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र, सभी अंकसूची, सर्टिफिकेट आदि फॉर्म के साथ संलग्न करें। विद्यार्थी का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (MBBS DR.) संलग्न करें।

अभिभावक/संरक्षक की जानकारी

पिता का नाम		आधार नंबर	
माता का नाम		आधार नंबर	
व्यवसाय		वार्षिक आय (आय प्रमाण पत्र संलग्न करें)	
मोबाइल नंबर		वाट्सअप नंबर	ईमेल

पत्र व्यवहार का पूरा पता –

नगर-शहर - ..... जिला - ..... राज्य- ..... पिनकोड- .....

घर का स्थायी पता –

नगर-शहर - ..... जिला - ..... राज्य- ..... पिनकोड- .....

मैं घोषणा करता/ करती हूं कि उपरोक्त दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं पूर्ण हैं।

दिनांक –
स्थान -

हस्ताक्षर छात्र
छात्र का नाम -

हस्ताक्षर अभिभावक
अभिभावक का नाम –

श्री कुन्दकुन्द–कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थी गृह, सोनगढ़

आध्यात्मिक युगप्रवर्तक **पूज्य गुरुदेवश्री कानजी स्वामी** की पावन साधनाभूमि **तीर्थधाम सोनगढ़** में, जून 2010 में **श्री अनंतराय ए. शेठ (मुंबई)** की पवित्र भावना एवं प्रेरणा से *'श्री कुन्दकुन्द–कहान पारमार्थिक ट्रस्ट, मुंबई'* द्वारा **श्री कुन्दकुन्द–कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थी गृह** (कहान शिशु विहार) का संचालन प्रारंभ किया गया। संस्था का मूल उद्देश्य जैन बालकों को अनंत तीर्थंकर भगवंतों द्वारा प्रतिपादित सच्चे दिगम्बर वीतरागी तत्त्वज्ञान से परिचित कराना तथा उनके हृदय में जैन सिद्धांतों का बीजारोपण कर उन्हें संस्कारों, नैतिक मूल्यों एवं कर्तव्यबोध से युक्त करना है। इसके साथ-साथ बालकों के लिए गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक शिक्षण पद्धति पर आधारित उत्कृष्ट लौकिक शिक्षा (कक्षा 6 से 10 – अंग्रेजी माध्यम) की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। संस्था में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं कौशल उन्नयन हेतु आवश्यक सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। **पात्र विद्यार्थियों को आवास, भोजन, शिक्षा एवं अध्ययन सामग्री सहित सभी सुविधाएँ पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।**

संस्था में प्रवेश हेतु नियमावली एवं दिशा-निर्देश

प्रवेश के इच्छुक सभी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक निम्नलिखित दिशा-निर्देशों एवं नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़कर, समझकर तथा स्वीकृति प्रदान करते हुए ही प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हों।

1. कक्षा 6 में एडमिशन हेतु प्रवेश आवेदन पत्र को पूर्णरूप से भरकर, दिए गए पते पर **स्पीड पोस्ट** से भेजना अनिवार्य है। **केवल आवेदन पत्र भरना प्रवेश की गारंटी नहीं है। प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होना आवश्यक है।**
2. संस्था में कक्षा 6 से 10 तक धार्मिक और लौकिक शिक्षा के अध्ययन की व्यवस्था उपलब्ध है।
3. धार्मिक शिक्षा संस्था में पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर प्रदान की जाएगी तथा लौकिक शिक्षा हेतु विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित अंग्रेजी स्कूल में भेजा जाएगा।
4. विद्यार्थी को कक्षा 6 में सीबीएसई (CBSE) बोर्ड या स्टेट बोर्ड (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश का अवसर मिलता है, जिसका चयन मार्च 2027 में आयोजित **प्रवेश साक्षात्कार शिविर के दौरान किया जाएगा।**
5. प्रवेश साक्षात्कार शिविर हेतु वही विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने स्टेट बोर्ड (अंग्रेजी माध्यम) में पिछली कक्षा में न्यूनतम 75% अंक, अथवा सीबीएसई बोर्ड में न्यूनतम 80% अंक प्राप्त किए हों।
6. निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों में से चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश साक्षात्कार शिविर हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इसकी सूचना अभिभावकों को फोन के माध्यम से दी जाएगी।
7. प्रवेश साक्षात्कार शिविर के लिए चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित दिनांक पर अभिभावक के साथ कहान शिशु विहार, सोनगढ़ में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
8. प्रवेश साक्षात्कार शिविर में आने वाले अभिभावकों को किसी भी प्रकार का मार्ग-व्यय संस्था द्वारा देय नहीं होगा। विद्यार्थी के आवास की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी। अभिभावक को अपना आवास अतिथि निवास (समिति) में स्वयं करना होगा, जिसके संपर्क विवरण संस्था द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।
9. प्रवेश साक्षात्कार शिविर में—
    - विद्यार्थी की लौकिक परीक्षा 5वीं तक के विषय (अंग्रेजी, विज्ञान, गणित) के आधार से संबंधित विद्यालय द्वारा ली जाएगी
    - धार्मिक विषय (बालबोध भाग–1 एवं 2) की परीक्षा संस्था द्वारा ली जाएगी।
10. प्रवेश का आधार निम्नलिखित का समग्र मूल्यांकन रहेगा— **प्रवेश परीक्षा (लौकिक एवं धार्मिक) , धार्मिक रूचि, पिछली कक्षाओं का शैक्षणिक रिकॉर्ड, विद्यार्थी की समझ, क्षमता एवं व्यवहार** इन सभी के आधार पर तैयार प्रवीणता सूची (मेरिट लिस्ट) के अनुसार प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा।

- ***विद्यालय (सीबीएसई या स्टेट बोर्ड) का आवंटन पूर्णतः मेरिट तथा विद्यार्थी की योग्यता, क्षमता, परिपक्वता एवं धार्मिक रूचि के आधार पर किया जाएगा।***
- ***प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा समाज का प्रभाव, दबाव या सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी।***

प्रवेश संबंधी सभी निर्णय लेने का अधिकार संस्था के पास सुरक्षित रहेगा।

पिता/संरक्षक का स्वीकृति पत्र

(अभिभावक द्वारा भरा जाए)

यह छात्र (नाम).....रिश्ते मेरा..... है।

मैंने श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थी गृह के सभी नियम एवं निर्देशों को भली-भाँति पढ़ लिया है। मुझे छात्रावास के समस्त नियम स्वीकार हैं। मैं स्वेच्छा से इस छात्र को आपके विद्यार्थी गृह में प्रवेश दिलाना चाहता/चाहती हूँ।

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि छात्र द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है। मैं अपनी ओर से संस्था को आश्वस्त करता/करती हूँ कि यह छात्र आपकी संस्था के वर्तमान नियमों तथा समय-समय पर परिवर्तित होने वाले नियमों, सूचनाओं एवं अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करेगा। यदि वह किसी भी प्रकार का नियम-विरुद्ध कार्य करता है, तो अधिकारियों द्वारा दिया गया दण्ड उसे स्वीकार्य होगा। छात्र की उचित-अनुचित सभी प्रकार की गतिविधियों के लिए मैं/हम पूर्णतः जिम्मेदार हूँ/हैं।

अभिभावक का नाम - अभिभावक के हस्ताक्षर

छात्र के सम्बन्ध में समाज के 2 प्रतिष्ठित व्यक्तियों का प्रमाणीकरण

हम यह प्रमाणित करते हैं कि छात्र और उसके पिता/संरक्षक ने जो ऊपर लिखा है, वह सही है। यह छात्र श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थीगृह ,सोनगढ़ में प्रविष्ट होने योग्य है।

(जैन मंदिर, समाज या स्थानीय ट्रस्ट के अध्यक्ष, मंत्री या अन्य पदाधिकारी द्वारा भरा जाए)

नाम.....

परिचय .....

पता .....

.....

मोबाइल नंबर -

हस्ताक्षर -

(स्थानीय विद्वान, शास्त्री या समाज के प्रतिष्ठितजन द्वारा भरा जाए)

नाम.....

परिचय.....

पता.....

.....

मोबाइल नंबर -

हस्ताक्षर -

विद्यार्थी के संबंध में कोई विशेष टिप्पणी अगर हो तो-.....

कार्यालय उपयोग हेतु

उक्त छात्र (नाम) .....का आवेदन पत्र स्वीकृत किया जाता है तथा उसको श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थीगृह की .....कक्षा में प्रवेश की अनुमति दी जाती है।

हस्ताक्षर अधीक्षक

दिनांक

हस्ताक्षर प्राचार्य

दिनांक